भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 44

उत्तर देने की तारीख: 20.07.2022

सीयूईटी द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला

44 # श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली विश्वविद्यालय में एकीकृत परीक्षा प्रणाली-कॉमन यूनिवर्सिटी एन्ट्रेन्स टेस्ट (सीयूईटी) द्वारा दाखिला देने का निर्णय लिया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो इस परीक्षा प्रणाली में प्रश्नों को तैयार करने के लिए किन-किन विशेषज्ञों एवं बोर्ड से प्रश्न लिए जाएँगे, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस प्रक्रिया से विद्यार्थियों पर और अधिक बोझ नहीं पड़ेगा; और

(घ) उक्त प्रक्रिया के कार्यान्वयन के कारण विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों द्वारा वहन किए जाने वाले अतिरिक्त वित्तीय बोझ का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेन्द्र प्रधान)

(क) से (घ) : विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

****

सीयूईटी द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा दिनांक 20.07.2022 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 44 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) जी हां।

(ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसरण में, केंद्रीय विश्वविद्यालयों में वर्ष 2022-23 से कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से दाखिला देने का निर्णय लिया गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने यह भी निर्णय लिया है कि अवर स्नातक कार्यक्रमों में सभी दाखिले सीयूईटी के माध्यम से दिए जाएंगे। परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा किया जाता है और प्रश्न का स्तर कक्षा XII के स्तर के ज्ञान पर आधारित होता है। देश भर के विशेषज्ञों द्वारा प्रश्न तैयार किए जाते हैं।

(ग) और (घ) सीयूईटी छात्रों, विश्वविद्यालयों और संपूर्ण शिक्षा प्रणाली पर बोझ को कम करता है। आसान पहुंच और सुविधा के लिए छात्र अपनी रूचि के अनुसार एक आवेदन पत्र और फीस के साथ एक से अधिक विश्वविद्यालयों में आवेदन कर सकते हैं। छात्र दाखिले के लिए सैकड़ों परीक्षा केंद्रों पर 13 भाषाओं में परीक्षा दे सकते हैं। ****